BIHAR BOARD CLASS - X

2020

HINDI (हिन्दी)

द्वितीय पाली (Second Sitting)

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न- संख्या 1 से 60 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। इन 60 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें।

1. 'नागरी लिपि' शीर्षक पाठ साहित्य की कौन विधा है ?

(A) साक्षात्कार

(B) निबंध

(C) भाषण

(D) कहानी

2. 'स्वदेशी' शीर्षक पाठ के रचनाकार हैं।

(A) रामधन

(B) मालधनी

(C) श्यामधन

(D) प्रेमधन

3. 'रेनर मारिया रिल्के 'किस भाषा के कवि है ?

(A) जर्मन

(B) ब्रिटिश

(C) फ्रांसीसी

(D) चीनी

4. 'जित-जित मैं निरखत हूँ' पाठ साहित्य की विधा है।

(A) कहानी

(B) रिपोर्ताज

(C) साक्षात्कार

(D) भाषण

5. शम्भू महाराज बिरजू महाराज के कौन थे ?.

(A) मौसा

(B) भाई

(C) भाभी

(D) पिता

6. कुमार गन्धर्व क्या है?

(A) कथाकार

(B) गीतकार

(C) शास्त्रीय नायक

(D) चित्रकार

7. 'रोन' नदी के किनारे बसे शहर का नाम है :

(A) लंदन

(B) लाहौर

(C) आविन्यो

(D) लखनऊ

8. दिनकर को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना पर मिला ?

(A) हुंकार,

(B) रश्मिरथी

(C) द्वन्द्व गीत

(D) उर्वशी,

9. प्रत्येक वर्ष आविन्यों में कैसा समारोह आयोजित होता है ?

(A) रंग-समारोह

(B) धार्मिक

(C) विश्वकप

(D) राष्ट्रमंडल खेल

10. विनोद कुमार शुक्ल किस कृषि विश्वविद्यालय में ऐसोसिएट प्रोफेसर थे ?

(A) संजय गाँधी

(B) राजीव गाँधी

(C) इंदिरा गाँधी

(D) फिरोज गाँधी

11. मछली के लिए मसाला कौन पीस रही थी ?

(A) दादी

(B) चाची

(C) दीदी

(D) माँ

12. विस्मिल्ला खाँ के बचपन का नाम था

(A) नसरुद्दीन

(B) अधीरूद्दीन

(C) समसुद्दीन

(D) अभीस्दीन

13. 'सुजान रसखान' किसकी रचना है ?

(A) सुजान को

(B) रसखान को

(C) मियाजान को

(D) तसीर को

14. विस्मिल्ला खाँ की शहनाई के साथ किस मुस्लिम पर्व का नाम जुड़ा है ?

(A) ईद

(B) बकरीद

(C) मुहर्रम

(D) मिलाद

15. काफी किसकी पाठशाला है?

(A) संस्कृति की

(B) नृत्य की

(C) नर्त्तक की

(D) बादन की

16. कौन चाहते थे कि सभी देशों की संस्कृति की हवा उनके घर के पास बहती रहे ?

(A) राजेन्द्र प्रसाद

(B) नेहरू

(C) महात्मा गाँधी

(D) सरदार पटेल

17. गुरु नानक का जन्म लाहौर के किस ग्राम में हुआ था ?'

(A) तलबंडी

(B) अमृतसर

(C) जालंधर

(D) लुधियाना

18. 'पछली' शीर्षक कहानी में दीदी के प्रेमी का क्या नाम था ?

(A) संतु

(B) महेन्द्र

(C) भग्गू

(D) नरेन

19. शेक्सपीयर किस भाषा के कवि हैं ?

(A) जर्मन

(B) संस्कृत

(C) ग्रीक

(D) अंग्रेजी

20. रसूलनवाई थी

(A) कवयित्री

(B) कथा वाचिका

(C) गायिका

(D) नर्तकी

21. 'निराला की साहित्य साधना' के रचनाकार हैं।

(A) रघुवीर सहाय

(B) अज्ञेय

(C) जायसी

(D) राम विलास शर्मा

22. 'रामायण' की रचना किस भाषा में है ?

(A) संस्कृत

(B) ठेस

(C) उर्दू

(D) अंग्रेजी

23. अमरकान्त लिखित कहानी का नाम है

(A) ईदगाह

(B) ठोस

(C) मछली

(D) बहादुर

24. वहादुर का बाप कहाँ मारा गया था ?

(A) युद्ध में

(B) डकैती में

(C) चोरी में

(D) चरवाही में

25. द्विवजीवी में किसने मृछा था नाखून क्यों वढतें हैं?

(A) लड़के में

(B) लड़की में

(C) पत्नी में

(D) नौकरी में

26. वहादुर में मार खाकर गैस माँगी भागी किसके पास चली आई ?

(A) वहन के

(B) माँ के

(C) चाची के

(D) भाभी के

27. निबंध के लेखक हैं

(A) भूलाकार मूले

(B) अज्ञेय

(C) पंत

(D) वसल

28. 'तार सप्तक' के सम्पादक के प्रयोगवाली कवि

(A) सूरदास

(B) केशवदास

(C) तुलसीदास

(D) अज्ञेय

29. हिरोशिमा किस देश में है?

(A) श्रीलंका

(B) भूटान

(C) जापान

(D) नेपाल

30. "दूर से ही ललकारता" कौन ?

में जवाव देता, "दोस्त"?

पंक्ति किस पाठ से है ?

(A) एक वृक्ष की हत्या

(B) स्वदेशी

(C) भारतमाता

(D) हमारी नींद

31. 'लौटकर आऊंगा फिर पांठ के कवि कहाँ लोटने की बात कहते हैं?

(A) बिहार में

(B) असम में

(C) उड़ीसा में

(D) बंगाल में

32. 'आदर्श समाज स्वतंत्रता, समानता, भ्रातृत्व पर आधारित होगा किसने कहा?

(A) मैक्स मूलर

(B) भीमराव अम्बेदकर

(C) बिरजू महाराज

(D) अज्ञेय

33. सीमा, रजनी, आलो, शेफाली, आरती पाँचों किसकी बहने थी?

(A) मदन की

(B) खोखा की

(C) लेखक की

(D) सेन साहब की

34. प्लेटो और कान्ट थे महान

(A) वीर

(B) दार्शनिक

(C) नाविक

(D) सैनिक

35. तमिल, मलयालम, तेलगू, कन्नड़ भाषाएँ हैं।

(A) उत्तर भारत की

(B) पश्चिम भारत की

(C) पूर्वी भारत की

(D) दक्षिण भारत की

36. 'मो अँसुवनि हि ले बरसी' कौन कहते हैं ?

(A) रसखान

(B) गुरुनानक

(C) धनानंद

(D) दिनकर

37. "क्यों री राक्षसी इस छोटे से बच्चे को क्यों पीट रही है? किसने कहा ?

(A) मँगम्मा ने

(B) पप्पाति ने

(C) लक्ष्मी ने

(D) सीता ने

38. लक्ष्मी का पति कौन था ?

(A) लक्ष्मण

(B) रंगप्पा

(C) रामेश्वर

(D) राम रतन

39. ईश्वर पेटलीकर किस भाषा के कथाकार हैं?

(A) मलयालम

(B) मराठी

(C) गुजराती

(D) भोजपुरी

40. एस. रंगराजन वास्तविक नाम है।

(A) साँवर दइया का

(B) सुजाता का

(C) श्रीनिवास का

(D) घनानंद का

41. "आइ वांट दैट गर्ल एडमिटेड नाउ" किसने कहा ?

(A) छोटे डॉक्टर

(B) बड़े डॉक्टर

(C) प्रशिक्षु डॉक्टर

(D) नर्स

42. 'नगर' शीर्षक कहानी के लेखक कौन हैं?

(A) सुजाता

(B) साँवर दइया

(C) श्रीनिवास

(D) सातकोड़ी होता

43. 'तीन बेटे ...... दो वक्त की रोटी .... एक माँ।' किस कहानी की पंक्ति है?

(A) माँ

(B) नगर

(C) ढहते विश्वास

(D) धरती कब तक घूमेगी

44. 'नंजम्मा' मंगम्मा की कौन थी ?

(A) बेटी

(B) मौसी

(C) बहू

(D) सौतीन

45. निम्नांकित में कौन शब्द शुद्ध है ?

(A) देवनागरी

(B) देवीनांगरी

(C) देवेनागरी

(D) देवनागरि

46. 'हलकारे' का अर्थ होता है

(A) कलाकार

(B) संदेशवाहक

(C) हल जोतने वाला

(D) गायक

47. 'संधि' का भेद नहीं है

(A) स्वर संधि

(B) व्यंजन संधि

(C) विसर्ग संधि

(D) संज्ञा संधि

48. 'ई' वर्ण है

(A) ह्रस्व स्वर

(B) दीर्घ स्वर

(C) अन्तस्थ व्यंजन

(D) ऊष्म व्यंजन

49. 'उच्चारण' का सही संधि-विच्छेद है

(A) उत + चारण

(B) उत् + चारण

(C) उच्च + रण

(D) उचा + रण

50. 'सात्विक' का विपरीतार्थक शब्द है

(A) सत्यवादी

(B) सत्कर्म

(C) तामसिक

(D) साहित्य

51. 'उसने कहा कि मैं कल पटना जाऊँगा।" कैसा वाक्य है ?

(A) सरल वाक्य

(B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) निरर्थक वाक्य

52. निम्न में से कौन पदबंध का भेद नहीं है ?

(A) संज्ञा पदबंध

(B) विशेषण पदबंध

(C) क्रियाविशेषण पदबंध

(D) कर्म पदबंध

53. जिस समास में दोनों पदों की प्रधानता होती है, उसे कहते हैं

(A) द्विगु

(B) द्वन्द्व

(C) नंञ्

(D) तत्पुरुष

54. 'द' का उच्चारण स्थान है

(A) कंठ

(B) तालु

(C) दन्त

(D) मूर्द्धा

55. व्यंजनों के अन्त में (्) हलन्त लगने पर उसका मान होता है

(A) आधा

(B) चौथाई

(C) तिहाई

(D) सम्पूर्ण

56. टेवल पर किताव है। यहाँ 'पर' किस कारक का चिह्न है?

(A) करण

(B) अपादान

(C) सम्प्रदान

(D) अधिकारण

57. मैदान में सभा हो रही है। यहाँ 'सभा' कौन संज्ञा है ?

(A) भाववाचक

(B) समुहवाचक

(C) जातिवाचक

(D) व्यक्तिवाचक

58. 'चंचल' किस शब्द का पर्यायवाची शब्द है ?

(A) सरस्वती

(B) दुर्गा

(C) लक्ष्मी

(D) सावित्री

59. 'होश' शब्द का प्रयोग सदैव होता है

(A) एकवचन

(B) बहुवचन

(C) द्विवचन

(D) इनमें से कोई नहीं

60. जिस शब्द का रूप कभी नहीं बदलता है, उसे कहते हैं

(A) संज्ञा

(B) सर्वनाम

(C) क्रिया

(D) अव्यय

खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा।

(क) सोना की आज अचानक स्मृति हो आने का कारण है। मेरे परिचित स्वर्गीय डॉ. धीरेन्द्रनाथ वसु की पौत्री सुस्मिता ने लिखा है, "गत वर्ष अपने पड़ोसी से मुझे एक हिरण मिला था। बीते कुछ महीनों में हम उससे बहुत स्नेह करने लगे हैं, परन्तु अब मैं अनुभव करती हूँ कि सघन जंगल से संबद्ध रहने के कारण तथा अब बड़े हो जाने के कारण उसे घूमने के लिए अधिक विस्तृत स्थान चाहिए | कृपा करके आप उसे स्वीकार करेंगी? सचमुच मैं आपकी बहुत आभारी रहूँगी, क्योंकि आप जानती हैं, मैं उसे ऐसे व्यक्ति को नहीं देना चाहती जो उससे बुरा व्यवहार करे, मेरा विश्वास है, आपके यहाँ उसकी भली भाँति देखभाल हो सकेगी।"

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें-

(i) सुस्मिता किनकी पौत्री थी ?

(ii) सुस्मिता को किससे हिरण मिला?

(iii) बीते कुछ महानों में सुस्मिता क्या करते लगी थी ?

(iv) विस्तृत स्थान किसके लिए चाहिए था ?

(v) "कृपा करके आप स्वीकार करेंगी ? "किसने किससे कहा?

अथवा

(ख) भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि कवि के रूप में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का नाम सदा अमर रहेगा। खड़ी बोली के उषाकाल में ही गुप्तजी की लेखनी का प्रसाद हिंदी जगत को मिला और लगभग अर्द्धशताब्दी तक उनकी लेखनी अनवरत काव्य रचना में

व्यस्त रही। बुन्देलखंड के झाँसी जनपद में चिरगाँव नामक स्थान में एक वैश्य परिवार में सन् 1886 में जन्म लेकर इन्होंने अपना जीवन साहित्य सर्जन में ही लगाया। सन् 1964 में इनका देहांत हुआ। गुप्तजी वस्तुतः आधुनिक "काल के कवियों के कवि-गुरु हैं। इनकी अमर कृति 'भारत भारती' जब सन् 1912 में प्रकाशित हुई तो समस्त देश में राष्ट्रीय भावना की लहर सी फैल गई थी। 'रामचरितमानस' के पश्चात रामभक्ति काव्य में ऐसी लोकप्रियता किसी अन्य रचना को नहीं मिली, जितनी गुप्तजी की कृति 'साकेत' को ।

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें-

(i) राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का नाम किस रूप में अमर रहेगा?

(ii) गुप्तजी का जन्म कहाँ हुआ था?

(iii) गुप्तजी का जन्म कब हुआ और मृत्यु कब हुई ?

(iv) गुप्तजी वस्तुत: क्या हैं?-

(v) 'भारत भारती' कब प्रकाशित हुई ?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा।

(क) वीर कुँवर सिंह का जन्म भोजपुर (आरा) जिला के जगदीशपुर गाँव में सन् 1782 ई० में हुआ था। इनके पिता का नाम साहबजादा सिंह तथा माता का नाम पंचरतन कुँवर था। उनके पिता जगदीशपुर रियासत के जमींदार थे। कुँवर सिंह की शिखा की व्यवस्था उनके पिता ने घर पर ही की थी जहाँ उन्होंने संस्कृत के अलावा फारसी भी सीखी, परन्तु बाबू कुँवर सिंह का मन घुड़सवारी, "तलवारबाजी और कुश्ती लड़ने में लगता था। बाबू कुँवर सिंह ने अपने पिता की मृत्यु के पश्चात् 1827 ई० में अपनी रियासत की जिम्मेदारी संभाली। उन दिनों ब्रिटिश हुकूमत का अत्याचार चरम पर था। इस अत्याचार का विरोध तथा इस व्यवस्था को बदलने का संकल्प बाबू कुँवर सिंह से मन ही मन ले लिया और उस दिन की प्रतीक्षा करने लगे, जब उन्हें अंग्रेजों से लोहा लेने का सही वक्त मिलेगा।

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें-

(i) वीर कुँवर सिंह का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(ii) इनके माता-पिता का क्या नाम था ?

(iii) इनके पिता किस रियासत के जमींदार थे?

(iv) घर की शिक्षा व्यवस्था से इन्होंने कौन-कौन भाषाएँ सीखीं ?

(v) कुँवर सिंह का मन किस चीज में लगता था ?

अथवा

(ख) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र आधुनिक हिन्दी साहित्य के प्रवर्तक व युग निर्माता हैं। आधुनिक खड़ी बोली का परिष्कार इन्हीं के द्वारा हुआ। भारतेन्दु का जन्म सन 1907 में काशी में तथा निर्धन सन् 1941 में हुआ। 35 वर्ष की अल्प आयु में ही इन्होंने हिन्दी की अविस्मरणीय सेवा की। सात वर्ष की उम्र से ही इन्होंने काव्य रचना प्रारंभ की थी। भारतेन्दु की प्रतिभा चतुर्मुखी थी। कवि, नाटककार, निबंधकार, पत्रकार सभी रूपों में ये अद्वितीय हैं। नाटक व निबंध लेखक के रूप में ये आधुनिक हिन्दी गद्य साहित्य के जन्मदाता माने जाते हैं। इनके ग्रंथों की संख्या डेढ़ सौ के लगभग है। 'भारत दुर्दशा', 'अंधेर नगरी', 'प्रेमयोगिनी' आदि नाटकों में इनकी राष्ट्रीय भावना पूरी तरह विकसित दिखाई पड़ती है। भारतेन्दु सचमुच हिन्दी के महासूर्य थे।

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें-

(i) हिन्दी साहित्य के प्रवर्तक व युग निर्माता कौन थे?

(ii) भारतेन्दु का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(iii) इन्होंने कब से काव्य रचना प्रारंभ की?

(iv) भारतेन्दु की प्रतिभा चतुर्मुखी थी, कैसे?

(v) भारतेन्दु किस रूप में हिन्दी के जन्मदाता माने जाते हैं ?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 250-300 शब्दों में निबंध लिखें।

(क) जंगल

(i) भूमिका

(ii) जंगल का महत्त्व

(iii) जंगल से लाभ

(iv) जंगलों की अंधाधुंध कटाई से हानि

(v) उपसंहार |

(ख) हमारे पड़ोसी

(i) भूमिका

(ii) सम्पन्न पड़ोसी

(iii) गरीब पड़ोसी

(iv) हमारा कर्तव्य

(v) उपसंहार

(ग) वसंत ऋतु

(i) भूमिका

(ii) वसंत ऋतु का महत्त्व

(iii) ऋतुओं का राजा

(iv) सदाबहार मौसम

(v) उपसंहार।

(घ) प्रदूषण

(i) भूमिका

(ii) जल प्रदूषण

(iii) वायु प्रदूषण

(iv) ध्वनि प्रदूषण

(v) प्रदूषणों का निदान

(vi) उपसंहार

(ङ) हमारा देश भारतवर्ष

(i) भूमिका

(ii) महत्ता

(iii) चहुर्मुखी विकास

(iv) विदेशियों को सशक्त भारत का संदेश

(v) अनेकता में एकता

(vi) उपसंहार

4. दिल्ली में रहने वाली अपनी बड़ी दीटी के पास एक पत्र लिखें, जिसमें गाँव में आई बाढ़ विभीषिका का वर्णन हो।

अथवा

दिवाली के पटाखों से ध्वनि एवं वायु प्रदूषण को केन्द्र में रखकर दो छात्राओं के बीच संवाद लिखें।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 20-30 शब्दों में दें।

(क) मनुष्य बार-बार नाखूनों का क्यों काटता है?

(ख) लेखक को क्यों लगता है कि नौकर रखना बहुत जरूरी हो गया था ?

(ग) बिरजू महाराज के जीवन में सबसे दुखद समय कब आया ?

(घ) 'दिनकर' की दृष्टि में आज के देवता कौन हैं और वे कहाँ मिलेंगे?

(ङ) हिरोशिमा में मनुष्य की साखी के रूप में क्या है?

(च) कवि जीवनानंद दास अगले जीवन में क्या-क्या बनने की संभावना व्यक्त करते हैं क्यों?

(छ) मंगम्मा ने अपना 'धरम' नहीं छोड़ा, कैसे ?

(ज) सीता की स्थिति बच्चों के किस खेल से मिलती-जुलती थी?

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। (शब्द सीमा लगभग 100 अंक)

(क) 'बिस्मिल्ला खाँ का मतलव-बिस्मिल्ला खाँ की शहनाई' एक कल बिस्मिल्ला खाँ का परिचय पठित पाठ के आधार पर दें।

(ख) निम्न पंक्तियों का अर्थ लिखें-

या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहूँ पुर की तजि डारौं ।
आठहुँ सिद्धि नवनिधि को सुख नन्द की गाई चराइ विसारौं ।।
रसखानि कबौं इन आँखिन सौं ब्रज के बनबाग तड़ाग निहारौं ।
कोटिक रौं कलधौत के धाम करील के कुंजन ऊपर वारौं ।।